जी हाँ।

जी नहीं। गाटा संख्या 952 मि0 स्थित ग्राम एकलखी परगना बरौंसा तहसील बल्दीराय जिला सुलतानपुर का कुल रकबा 0.343हे0 है। उक्त गाटा पांच खण्डों में विभाजित है जिसमें 952मि0/0.061हे0 बंजर तथा 952मि0/0.048 हे0 गोली पुत्र राम आधार, 952मि0/0.051हे0 जगई पुत्र धुदई, 952मि0/0.126हे0 पल्टू पुत्र रामदीन एवं 952 मि0/0.057 हे0 माताफेर आदि के नाम संक्रमणीय भूमिधर दर्ज है। गाटा सं0-952 मि0/0.061 हे0 बंजर भूमि में से 0.0125 हे0 का आवास आवंटन श्रीमती अल्पना देवी पत्नी शिव प्रसाद को दिनांक 22.04.1999 को किया गया है, जिस पर श्रीमती अल्पना देवी पत्नी शिव प्रसाद उपाध्याय स्थल पर 02 कमरे का पक्का मकान बनाकर काबिज हैं। अन्य खातेदार अपने-अपने रकबे पर निर्विवाद रूप से काबिज हैं। गाटा सं0-952मि0/0.051हे0 में से दिनांक 17.08.1993 को श्रीमती अल्पनादेवी के देवर श्री शिवमूरति द्वारा जगई से 1100 वर्गफिट भूमि जरिये पाँच रूपये स्टाम्प पर (बेंचनामा) खरीदा गया है। शेष भूमि पर जगई के भांजे राममिलन का नाम वर्तमान में दर्ज कागजात है। उपरोक्त बेंचनामा वाली भूमि पर 02 पक्के कमरे बने हैं जिसके सम्बन्ध में स्वामित्व एवं कब्जे को लेकर विवाद है। उक्त के सम्बन्ध में श्रीमती अल्पना देवी द्वारा न्यायालय सिविल जज सुलतानपुर में वाद संख्या-764/2021, अल्पना देवी बनाम शिवमूरति योजित किया गया है, जिसमें सुनवाई हेतु अग्रिम तिथि 03.09.2022 नियत है। अतः प्रकरण मा0 सिविल न्यायालय में विचाराधीन होने के कारण प्रशासनिक कार्यवाही करना सम्भव नही है।

उपरोक्तानुसार।

उपरोक्तानुसार।

उपरोक्तानुसार।

**योगी आदित्यनाथ**
**मुख्यमंत्री**
**राजस्व विभाग।**